दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्ष :-04

अंक:-262

मुरादाबाद

12 January 2025

(Sunday)

पृष्ठ:-08

मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम बोले- प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर दिन दो लाख श्रद्धालु करते हैं दर्शन

### CM योगी बोले- बटेंगे तो मिलेगा उत्पीड़न, धार्मिक स्थलों को भुगतना पड़ेगा खामियाजा



रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर अयोध्या सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से छलकने लगा। पहले दिन सीएम योगी आदित्यनाथ उत्सव का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अंगद टीला पर पहली बार श्रद्धालुओं व मेहमानों को संबोधित किया।सीएम ने लोगों से त्रिवेणी नगरी संगम जाने का आह्वान किया। कहा कि सभी लोग एक बार जाकर वहां की व्यवस्था जाकर जरूर देखिए। कहा कि एक बार संगम में डुबकी जरूर लगाएं। सीएम ने 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ की शुभकामनाएं दी। उन्होंने मंकर संक्रांति पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जिस ओर देश बढ़ रहा है, हम सब उसका हिस्सा बने। सत्य को अधिक दिनों तक छिपाया नहीं जा सकता है। कहा कि प्रयागराज की धरती पर महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। अयोध्या जैसी ही सुविधा प्रयागराज में भी है। कहा कि आपकी श्रद्धा है, तो ईश्वर खुद ही आपको शक्ति दे देते हैं। सीएम ने कहा कि एक बात ध्यान रखना होगा, कि आज से पहले वह कौन सी परिस्थितियां थीं, जब समाज बंटा था। यदि हम जाति के आधार पर बंटे रहेंगे, तो उत्पीड़न झेलना पड़ेगा। एक रहेंगे तो सनातन मजबूत होगा, देश मजबूत होगा। यदि भाषाई, क्षेत्रीय और जाति के आधार बंटेगे तो सबसे पहले इसका खामियाजा हमारे धार्मिक स्थलों को भुगतना पड़ेगा। सीएम ने कहा कि राम जन्मभूमि के लिए जो आंदोलन शुरू हुआ था, वह आज सार्थकता की ओर आगे बढ़ रहा है। कहा कि जब दो वर्षों में राम मंदिर पूरी तरह तैयार हो जाएगा, तब यह अयोध्या धाम पूरे विश्व में सबसे सुंदर नगरी के रूप में निखरेगा। कहा कि राम मंदिर में सुविधाओं को आगे बढ़ाने का काम तेजी से चल रहा है। सीएम ने कहा कि शासन से लेकर हर किसी तक जिसने जिस भाषा में समझा, उसे उस भाषा में समझाया गया। आज हम भाव विभोर हो जाते हैं। हमारी तीन पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन से जुड़ी रहीं। यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। कहा कि हमारे गुरुदेव जब अस्पताल में अंतिम समय पर थे, तब भी उन्होंने आखिरी बार अशोक सिंघल से बात की थी। उन्होंने पूछा था कि राम जी का मंदिर बन जाएगा न ? सीएम ने कहा कि आज अयोध्या के पास अपना हवाई अड्डा है। आज सरयू जी का जल सड़ता नहीं। यहां की सड़कें त्रेतायुग का स्मरण कराती हैं। आज अयोध्या, अयोध्या होने का अहसास कराती है। आज अयोध्या सोलर से चलती है।

सीएम ने कहा कि अयोध्या एक दिन में ऐसी नहीं बनी है। इसके लिए लाखों लोगों को त्याग देना पड़ा। तपस्या करनी पड़ी। लाखों लोग 500 वर्षों से अपने आराध्य को स्थापित करने के लिए संघर्ष करते रहे।सीएम योगी ने कहा कि 5 अगस्त 2020 पीएम मोदी ने इसी स्थान पर मंदिर के निर्माण की लिए पूजन किया था। सीएम ने कहा 2024 में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर दिन लगभग 1.5 से दो लाख श्रद्धालु यहां दर्शन करते हैं। पहले यहां महज तीन-चार घंटे ही बिजली मिलती थी। राम जी की पैड़ी में सरयू का जल सड़ता रहता था। सफाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। अयोध्या के पास कोई हवाई अड्डा नहीं था। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर सीएम योगी आदित्यनाथ लोगों को संबोधित कर रहे हैं।छह साल के धावक मोहब्बत, पंजाब से दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचे। यहां प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी के मंच पर सीएम योगी ने सम्मानित किया। सीएम ने उन्हें मोबाइल गिफ्ट में दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के मंच पर पहुंचे। राम भक्तों ने जय श्री राम के उद्घोष से सीएम का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का शुभारंभ किया। राम जन्मभूमि परिसर के अंगद टीला पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के रामलला के प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के मंच पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पहुंचे। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी मंच पर मौजूद। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, न्यासी डॉ. अनिल मिश्रा, दिनेंद्र दास और विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश मौजूद। सपा के बागी विधायक अभय सिंह पहुंचे। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्त, बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, हनुमानगढ़ी के महंत धर्मदास मंच पर पहुंचे। सीएम योगी ने एक बार फिर बटेंगे तो कटेंगे की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कहा कि बटेंगे तो उत्पीड़न मिलेगा। इसका खामियाजा सबसे पहले हमारे धार्मिक स्थलों को भुगतना पड़ेगा। रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर अयोध्या सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से छलकने लगा। दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के मंच पर पहुंचे।राम भक्तों ने जय श्री राम के उद्घोष से सीएम का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का शुभारंभ किया। छह साल के धावक मोहब्बत, पंजाब से दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचे। यहां प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी के मंच पर सीएम योगी ने सम्मानित किया। सीएम ने उन्हें मोबाइल गिफ्ट में दिया।इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि 5 अगस्त 2020 पीएम मोदी ने इसी स्थान पर मंदिर के निर्माण की लिए पूजन किया था। सीएम ने कहा 2024 में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर दिन लगभग 1.5 से दो लाख श्रद्धालु यहां दर्शन करते हैं। पहले यहां महज तीन-चार घंटे ही बिजली मिलती थी।

राम जी की पैड़ी में सरयू का जल सड़ता रहता था। सफाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। अयोध्या के पास कोई हवाई अड्डा नहीं था। सीएम ने कहा कि आज अयोध्या के पास अपना हवाई अड्डा है। आज सरयू जी का जल सड़ता नहीं। यहां की सड़कें त्रेतायुग का स्मरण कराती हैं। आज अयोध्या, अयोध्या होने का अहसास कराती है। आज अयोध्या सोलर से चलती है। सीएम ने कहा कि अयोध्या एक दिन में ऐसी नहीं बनी है। इसके लिए लाखों लोगों को त्याग देना पड़ा। तपस्या करनी पड़ी। लाखों लोग 500 वर्षों से अपने आराध्य को स्थापित करने के लिए संघर्ष करते रहे।

## 'यूपी में जंगलराज... पुलिस बेलगाम', लखीमपुर में रामचंद्र की मौत पर बोले स्वामी प्रसाद मौर्य



पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य शनिवार को लखीमपुर खीरी के गांव हुलासीपुरवा पहुंचे। उन्होंने मृतक रामचंद्र के परिवार से मुलाकात की। स्वामी प्रसाद ने कहा कि यूपी में पुलिस बेलगाम है। पुलिस की गुंडागर्दी जनता पर भारी पड़ रही है। लखीमपुर खीरी के मझगईं थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में रामचंद्र की मौत के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यूपी में जंगलराज कायम है। पुलिस बेलगाम है। पुलिस की गुंडागर्दी जनता पर भारी पड़ रही है।स्वामी प्रसाद मौर्य शनिवार दोपहर गांव हुलासी पुरवा पहुंचे और मृतक रामचंद्र मौर्य के परिवारजन से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी ली। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि पुलिस हिरासत में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। रामचंद्र की मौत पुलिस को कटघरे में खड़ी कर रही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि यदि रामचंद्र शराब बना रहा था तो उसके पास न शराब बरामद हुई और न ही शराब बनाने के उपकरण मिले। पुलिस ने शराब का बहाना लेकर उसे मौत के घाट उतार दिया। उसके शराब बनाने की कहानी मनगढ़ंत है। हत्याओं पर योगी सरकार मौन- स्वामी प्रसाद ने कहा कि पिछड़ों, अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यकों के साथ दुर्व्यवहार पूर्ण व्यवहार कर रही है। इन हत्याओं को लेकर योगी सरकार मौन है। वह झूठी वाहवाही लूट रही है। पूरे प्रदेश में गरीबों पर कहर बरपाया जा रहा है। पुलिसिया जुल्म अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है। गुंडाराज का नंगानाच हो रहा है। दबंगों की गोली का शिकार लोग हो रहे हैं, जो बच जाते हैं वह पुलिसिया अत्याचार का शिकार हो जाते हैं। भाजपा कर रही नौटंकी- मौर्य - महाकुंभ पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि योगी जी, कुंभ में हजार करोड़ों रुपया बहाने में लगे हैं। महाकुंभ ऐतिहासिक और प्राचीन मेला है। भाजपा घूम-घूमकर न्योता बांटकर नौटंकी कर रही है, जबकि कोई त्योहार या पर्व आस्था का विषय है। जहां आस्था का विषय होता है, वहां न्योता नहीं बांटा जाता। यह था मामला - गांव हुलासीपुरवा निवासी रामचंद्र की मौत पुलिस हिरासत में हो गई थी। पुलिस ने उस पर अवैध तरीके से शराब बनाने के आरोप में कुछ दिन पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। परिजनों ने पुलिस की पिटाई से रामंचद्र की मौत होने का आरोप लगाया। इस घटना को लेकर जमकर बवाल हुआ। मझगईं थाने के इंस्पेक्टर ने पूरे गांव को जेल भेजने की धमकी दी थी। इसका वीडियो भी वायरल हुआ। सीओ धौरहरा पीपी सिंह का वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह मृतक के परिजनों पर भड़कते नजर आ रहे हैं। सीओ कहते हैं कि न मझगईं थानाध्यक्ष सस्पेंड होगा और न निघासन.. न ही 30 लाख रुपये देंगे। सीओ ने आगे कहा कि जितने दिन रखना है डेड बॉडी को रख लो। हम यहां से जा रहे हैं, जो करना है कर लेना। पुलिस की कार्यशैली को लेकर परिजनों में आक्रोश है।

## केशव प्रसाद बोले- अखिलेश 2027 तो क्या 2047 तक के लिए सोचना छोड़ दें

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य हरदोई पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि हार से बौखलाए अखिलेश उलूल जुलूल बात करते हैं। वह डॉक्टर को दिखाएं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कुछ लोग 2027 के सत्ताधीश अखिलेश की होर्डिंग लगवा रहे हैं। हरदोई की धरती से कह रहा हूं कि अखिलेश 2027 छोड़ दें, 2047 के बारे में भी न सोचें। पीडीए तो परिवार डेवलपमेंट एजेंसी है। अखिलेश यादव अपनी साइकिल 2047 तक के लिए सैफई ले जाएं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है और इसी अनुसार कार्य भी हो रहे हैं।आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की ओर से शहर के गांधी मैदान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरदोई और नरेश अग्रवाल के परिवार के बीच गजब का दुलार और स्नेह है। बिल्कुल वैसे जैसे दूध में चीनी मिल जाती है। नरेश अग्रवाल ने जिस तरह अपनी बात रखी उससे यह एहसास हो जाता है कि लगाव और दुलार कितन तगड़ा है।खुद को कार्यकर्ता पहले और उपमुख्यमंत्री बाद में बताते हुए केशव मौर्य ने कहा कि व्यस्तताओं के बीच यहां के लिए समय निकाला, क्योंकि यहां कार्यकर्ता समागम था। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने भ्रम फैलाकर प्रदेश में हमारा प्रदर्शन कुछ कमजोर किया। हरियाणा, महाराष्ट्र के विधानसभा और प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत का जिक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों का भ्रम टूट चुका है। कहा कि भाजपा दिल्ली भी जीतेगी और मिल्कीपुर का उपचुनाव भी। केंद्र और राज्य सरकार की उपलिब्धयां बताते हुए कहा कि महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। सभी लोग आइएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान, मोहम्मद शमी की 14 महीने बाद वापसी

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान हो गया है। मोहम्मद शमी की वापसी हुई है। वहीं, सूर्यकुमार यादव कप्तान टीम का नेतृत्व करते नजर आएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से शुरू होने जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान हो गया। शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम की घोषणा कर दी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की 14 महीने बाद वापसी हुई है।शमी को आखिरी बार टी20 विश्व कप 2022 में इस प्रारूप में खेलते देखा गया था। इसके बाद से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई टी20 मैच नहीं खेला है। शमी के नाम 23 टी20 मैचों में 24 विकेट दर्ज हैं। टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)। शमी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। टूर्नामेंट के दौरान वह चोटिल हो गए थे जिसके बाद उनकी इस साल के शुरुआत में टखने की सर्जरी हुई थी। इसके बाद उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वापसी की। बीच में खबर आई थी कि तेज गेंदबाज बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे।

## कन्नौज स्टेशन पर निर्माणाधीन लिंटर गिरा: 40 से अधिक मजदूर दबे, आठ की हालत गंभीर

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का लिंटर भरभरा कर गिर गया। हादसे में 40 से अधिक मजदूर दब गए। आठ मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है।रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य के दौरान लिंटर डालते समय शटरिंग टूट गई, जिसमें 40 से अधिक मजदूर दब गए। मलबे से 23 लोगों को निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है। तीन की हालत नाजुक होने पर केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया है। अभी मलबे में और भी मजदूर दबे होने की आशंका है, जिसके चलते राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। मौके पर समाज कल्याण मंत्री समेत आला अधिकारी डटे हुए हैं।शनिवार दोपहर रेलवे स्टेशन पर नवीन स्टेशन के लिए बनाए गए ढांचे पर लिंटर डाला जा रहा था। दोपहर 2~20 बजे के करीब शटरिंग टूटने से लिंटर भरभराकर गिर गया। लिंटर के ऊपर खड़े मजदूर नीचे गिरगए और कई लोग मलबे में दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को मलबे से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया।हादसे की जानकारी होते ही जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी विनोद कुमार, सदर एसडीएम स्मृति मिश्रा मौके पर पहुंच गए। जिले के सभी थानों की पुलिस फोर्स और फायर ब्रिगेड को भी बुला लिया गया। नगर पालिका से 50 कर्मियों को बुलाकर घायलों को बाहर निकाला गया। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण भी घटनास्थल पर पहुंचे। थोड़ी देर बाद कानपुर मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडयन, डीआईजी जोगिंदर कुमार भी रेलवे स्टेशन पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मंत्री समेत आला अफसरों ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से पूछताछ की।मजदूरों ने बताया कि पिछले तीन दिन से स्टेशन के भवन पर लिंटर डालने का काम चल रहा था। शनिवार दोपहर शटरिंग टूटने से हादसा हो गया। हादसे के बाद ठेकेदार मौके से भाग निकला। देर शाम रेलवे ने दुर्घटना सहायता स्पेशल ट्रेन को स्टेशन पर भेजा। इसके अलावा एनडीआरएफ की टीम भी मजदूरों को मलबे से निकालने में जुटी है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। जांच टीम में मुख्य इंजीनियर प्लानिंग एवं डिजायन, अपर मंडल रेल प्रबंधक व मुख्य सुरक्षा आयुक्त को शामिल किया गया है। हादसे में गंभीर रूप से घायल मजदूरों को 2.50 लाख रुपये और मामूली घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। देर शाम को पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम वीणा सिन्हा रेलवे स्टेशन पर पहुंच गईं और निरीक्षण किया।



## संपादकीय Editorial

# We have to learn from Uttarakhand in sports

This time the National Maha Kumbh of sports is spreading its wings to spread splendor and glory in our neighbourhood Uttarakhand. Uttarakhand, which came into existence after Himachal, has strengthened its structure so much by organizing the 38th National Games that the character of sports and the pattern of training in the state will change. Earlier in 2023, a small state like Goa had attracted attention by organizing the national games. In such a situation, the question is when will Himachal take a resolution to connect the sports environment with sports tourism through such events. If the climate and infrastructure of Himachal are linked to a systematic sports structure, then organizing the National Games will prove to be a direction change in the next few years. If the nation's standards will come to the fore through sports in Uttarakhand from 28 January to 14 February, then this state will move forward in the vision of the future. We had also said earlier that organizing the National Games in Himachal can change the fiefdom of sports structure in the center of half a dozen cities simultaneously. Earlier, the cricket association has achieved international status in sports tourism due to one of its stadiums, while due to big events, Dharamshala was able to do many successful experiments in traffic control workshops. In such a situation, if we have to be fully prepared for national level sports events or develop a sports environment here, then special efforts will have to be made simultaneously in the periphery of reservoirs like Una, Hamirpur, Bilaspur, Dharamshala, Mandi, Chamba and Pong Dam. Due to the National Games in Goa, many sports villages were built simultaneously in Mapusa, Madgaon, Panjim, Ponda and Vasco. Due to its connectivity in Himachal, apart from the main stadium in Dharamshala, the infrastructure for special sports will flourish in Bilaspur, Una, Hamirpur and Mandi. Many indoor stadiums, swimming pools, shooting ranges and velodromes will be built in this way. The irony is that our own budget is not capable of sports. The first effort was made during the Chief Ministership of Prem Kumar Dhumal and as a result, synthetic tracks emerged in Hamirpur and Dharamshala. Apart from this, the role of the Indian Sports Authority and the state's sports hostels has changed the training era to such an extent that today about five hundred athletes of the country are staying in Dharamshala and practicing privately. Surprisingly, the budget of about 25 crores received for the National Sports Hostel was returned and now the formalities of the High Altitude Training Center have entangled the Inderu Nag campus in politics. The journey of many national training camps and sports academies in the climate of Himachal comes to a halt when the state's sports policy shrinks and backs out. The irony is that the traditional sports grounds that were there have also become parking or vehicle training centers. If the ground of Sujanpur was the main campus of a sports college, then animals would not have been roaming on the grass there. The Chaugans of Chamba have either shrunk and become markets or in the role of Minjar, this city has forgotten the place of sports. More or less the main ground of every city is getting lost, because cultural functions, trade fairs and burning of effigies of Ravana have to be done on it. Why don't we consider developing four grounds in the four directions of every city. One of these can be used only for sports, while the other can be used as a community ground from time to time for picnics, conferences, cultural functions, parking or business exhibitions.

# Villages are becoming the axis of economic development, poverty is decreasing rapidly and income and purchasing power are increasing

Today, millions of households in villages are getting clean drinking water. People are getting better health services from 1.5 lakh Ayushman Arogya Mandirs. With the help of digital technology, doctors and hospitals are also connecting with villages. Farmers are being given an annual financial assistance of six thousand rupees through PM Kisan Samman Nidhi. A recent SBI research report said that poverty in the country has decreased due to the positive effects of government assistance programs and development work. It has come down to less than five percent in the last year. This reduction in poverty has happened more rapidly in rural areas than in urban areas. While rural poverty was 25.7 percent and urban poverty 13.7 percent in the financial year 2011-12, in 2023-24, rural poverty has come down to 4.86 percent and urban poverty has come down to 4.09 percent. Between the financial year 2009-10 and 2023-24, per capita consumer expenditure in urban areas increased from Rs 1,984 to Rs 6,996 per month and in rural areas, this expenditure increased from Rs 1,054 to Rs 4,122. Thus, in the last 14 years, due to increase in income, while per capita consumer expenditure in cities increased 3.5 times per month, it increased almost four times in rural areas. The increase in expenditure is more in villages than in cities. The Global Poverty Report-2024 published by the World Bank also states that the number of extremely poor people in India was 43.1 crore in 1990. This number decreased to 16.74 crore in 2021 and about 12.9 crore in 2024. According to the Multidimensional Poverty Index (MPI)-2024 based on the parameters of global recognition by Niti Aayog, about 25 crore people have come out of the scope of multidimensional poverty in the country in the last ten years. This shows that the rapid development in India is increasing the income of the common man and a trend of rapid reduction in poverty is emerging. Along with this, poverty is decreasing rapidly in villages as compared to cities and their income and purchasing power is also increasing rapidly. Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana has played an important role in this. Under this, the government has ensured free food grains to more than 80 crore poor and weaker sections till 2028. This free food grain is being distributed through more than five lakh fair price shops of the existing public distribution system across the country. It is important that the introduction of Point of Sale (POS) machines in ration shops from 2016 has helped in the effective implementation of this scheme. Based on the consumption numbers of 2011-12, the Shanta Kumar Committee had said that there is about 46 percent leakage in the PDS system. At present, this leakage has reduced to 28 percent. Due to digitization of ration cards, after verification through Aadhaar and eKYC system to make PDS more effective in the country, more than 5 crore 80 lakh ration cards found to be fake have been cancelled so far. Schemes like Digital India, toilets, clean drinking water and Ayushman Bharat Yojana, Ujjwala Yojana for clean fuel, Saubhagya for electricity in all homes etc. are also reducing poverty in the country. Especially the well-organized digital infrastructure with the power of more than 54 crore Jan Dhan accounts, about 138 crore Aadhar cards and more than 115 crore mobile subscribers, JAM (JAM i.e. Jan Dhan, Aadhar, Mobile) is playing an extraordinary role in empowering the poor. On the strength of JAM, financial relief is being transferred directly to the accounts of the poor people of the country. From 2014 to the year 2024, an amount of more than Rs 40 lakh crore has been deposited directly into the accounts of the beneficiaries. All this has led to a major reduction in poverty and rural India has been particularly benefited. Today, millions of households in villages are getting clean drinking water. People are getting better health services from 1.5 lakh Ayushman Arogya Mandirs. With the help of digital technology, doctors and hospitals are also getting connected to villages. Through PM Kisan Samman Nidhi, farmers are being given financial assistance of six thousand rupees annually. In the last 10 years, agricultural loans have increased three and a half times. Now, Kisan Credit Cards are also being given to animal breeders and fish farmers. The amount of subsidy and crop insurance given on crops has also been increased. Property documents are being given to the villagers through the Swamitva Yojana. The youth of the village are being helped through schemes like Mudra Yojana, Startup India, Standup India. It should be expected that in the new year, the government will move forward with new schemes and new strategic efforts along with effective implementation of the existing schemes for empowerment of the poor to further reduce poverty and will focus on the goal of bringing more than 15 crore people facing multidimensional poverty out of poverty by 2030. The government should move forward on the path of further strengthening the rural economy for a developed India. This will also lead to rapid increase in the income of villagers and further reduce rural poverty.

# Leaders should also learn to retire, inspire the youth for the benefit of the nation and society

Many cases show that politics has now become a part of the lifestyle of leaders. Leaders try to sail through with the help of past goodwill. This too often leads to excesses. The fascination for position and power, the habit of remaining in the headlines and the comforts force such leaders to compromise. In our country, leaders never want to retire. No matter how old they are or even if their health and body start failing them, they never like to step away from politics. Some leaders become irrelevant with time, while some remain active till their last breath. In this episode, there are only a few exceptions like Jayaprakash Narayan i.e. JP and Nanaji Deshmukh, who retire from politics as per their wish. Some time ago, Congress President Mallikarjun Kharge had said on the occasion of the release of the autobiography of former Home Minister Sushil Kumar Shinde, 'I do not think anyone should retire from politics. Those who believe in an ideology, who want to serve the nation, their society, should do so till the end.' In any democratic system, politicians play an important role in shaping the future of the nation. Their decisions and contributions affect the fate of crores of people. In such a situation, it is expected of them that they adopt wise choices and make sensible decisions. A Canadian philosopher-writer Matsona Dhaliwayo has rightly said, 'A good shepherd is the one who first feeds his sheep, no matter how hungry he himself is.' This applies to leaders as well. JP had retired from politics, but broke his retirement to lead the movement for the restoration of a democratic structure with a constitutional system in the country. The experience and expertise gained during his political life were very helpful in that and perhaps this was also a reason that he could provide leadership to the movement. However, in such a dynamic society where the socio-economic structure is changing at a very fast pace, experience alone is not enough. Expertise is more relevant only in specific environments and circumstances. Nobel laureate Daniel Kahneman has written, 'There are some areas in which specialization is not possible. Stock selection is a good example of this. Even in the case of long-term political-strategic predictions, experts are no better than a monkey throwing dice.' Napoleon Bonaparte said, 'A leader is a dealer in hope', that is, a leader is a trader who raises hopes. At this time, a confluence of many generations is seen all over the world. Prominent among them are the Silent Generation born between 1925 and 1945, Baby Boomers between 1946-64, Gen X of 1965-79, Millennials of 1980-94, Gen Z of 1997-2012 and the Alpha Generation after 2012. All of them are facing the uncertainties of their lives. Their hopes, aspirations, priorities and even choices will not always look the same. Most of the policies of the leaders do not meet the expectations and aspirations of different generations. At present, the generation of baby boomers dominates Indian politics. For the leaders, understanding the expectations of the voters is the key to connecting with them and they also include people from other generations. Today, most of the leaders are not physically fit enough to regularly communicate with those people whose votes they want to use to win the election. After losing the election or anticipating defeat, they enter the election through the back door through Rajya Sabha or Legislative Council. Many cases show that politics has now become a part of the lifestyle of the leaders. Leaders try to sail through the goodwill of the past. This too is often overdone. The fascination for position and position, the habit of remaining in the headlines and comforts force such leaders to compromise. Aspects like ideology are becoming secondary in this, because as soon as one changes sides, ideology has no value or importance. The desire to stick to the position and the chair has increased so much that dynastic politics has started being promoted. Often such successors do not have any hold or experience at the ground level like their father or grandfather and hence they are not eligible for that position. Their politics is not result-oriented as expected and the society remains deprived of the benefits of the democratic structure. American political activist Ralph Nader has said, 'The job of leadership is to develop more leaders, not followers.' In dynastic politics, only horse-trading takes place. Dynastic leaders do the politics of identity, even if national interests have to be sacrificed for this. The voices of consensus die in the noise of narrow interests. This trend should be broken. The politics of change should be supported and encouraged. Vested interests should be ignored for national interests. Youth should be encouraged in politics, who think more about the welfare of the nation and society than themselves. Our freedom fighters and the first generation of leaders who shone on the political scene after independence were people imbued with such idealism. They wanted to serve the nation and society and only because of this aspect did they love their position and position. It is sad that that generation is rapidly vanishing. And here millions of deprived Indians are looking forward to a fundamental change in the direction of politics so that their condition improves. With changing times, this change has become expected. The fascination for position and position, the habit of remaining in the headlines and comforts force such leaders to compromise. Aspects like ideology are becoming secondary in this, because as soon as one changes sides, ideology has no value or importance. The desire to stick to the position and the chair has increased so much that dynastic politics has started being promoted. Often such successors do not have any hold or experience at the ground level like their father or grandfather and hence they are not eligible for that position. Their politics is not result-oriented as expected and the society remains deprived of the benefits of the democratic structure. American political activist Ralph Nader has said, 'The job of leadership is to develop more leaders, not followers.' In dynastic politics, only horse-trading takes place. Dynastic leaders do the politics of identity, even if national interests have to be sacrificed for this. The voices of consensus die in the noise of narrow interests. This trend should be broken. The politics of change should be supported and encouraged. Vested interests should be ignored for national interests. Youth should be encouraged in politics, who think more about the welfare of the nation and society than themselves.

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, एक की मौके पर मौत, दो घायल

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में दयानन्द डिग्री कॉलेज के पास देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर



पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लहुलुहान हालत में पड़े दो घायलों को उठाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी अनुसार, मृतक राजीव पुत्र राम बाबू निवासी सब्जी मंडी थाना कोतवाली अपने दो दोस्त कमल पुत्र सुक्खी लाला ओर गौतम पुत्र हीरालाल के साथ कही जा रहा था। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ में जा घुसी। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस आसपास पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर हादसे का पता लगाने में जुट गई है।

# उपभोक्ता को परेशान कर रहे बिजली विभाग के कर्मचारी, तीन महीने से बिल संशोधन करने के नाम पर मांगे 6 हजार रुपये

## एक किलोवाट के कनेक्शन का 3 महीने का 62 हजार रुपये बिल, प्रबंध निदेशक को ट्वीट करने के बाद नहीं हुआ समस्या का समाधान

मुरादाबाद- बिजली विभाग के नये कनेक्शन और बिल संशोधन तक के लिए उपभोक्ता को बिजली विभाग के कर्मचारी परेशान करने में लगे हैं। पीड़ित इसरार अहमद ने अपनी समस्या को लेकर यूपीपीसीएल की प्रबंध निदेशक को अपने भाई रईस अहमद की आईडी से समस्या का ट्विट भी कराया। जिसमें उससे 6 हजार रुपये लेकर बिल आधा करने की बात कही है। जिसमें ट्वीट के जवाब में पीड़ित की समस्या का हल दिखा दिया। लेकिन, समस्या जस की तस बनी हुई है। एक किलोवाट के कनेक्शन का तीन महीने में 62 हजार रुपये के बिल को संशोधित कराने के बिजली विभाग के कर्मचारियों की ओर से 6 हजार की डिमांड की जा रही है। नगर पंचायत ढकिया जाट पानी की



टंकी के पास निवासी उपभोक्ता इसरार अहमद ने अपने भाई रईस अहमद से उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ईशा दुहान की एक्स आईडी पर शिकायत करा दी। इसमें उन्होंने तीन महीने से विभाग के चक्कर लगाने और बिना रिश्वत के कोई कार्रवाई न होने का आरोप लगाया था। उसने ट्वीट में कहा कि अगर मेरी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई नहीं की जाती है तो मेरे पास मजबूरन कानूनी कदम उठाने के अलावा कोई और विकल्प नहीं होगा। लेकिन, इसके बाद आए जवाब में समस्या का समाधान कर उसके संतुष्ट होने की बात पूछी है। लेकिन, अभी तक पीड़ित की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। यह समस्या देहात क्षेत्र की है, इस मामले की जांच कराई जाएगी। यदि एक किलोवाट के कनेक्शन का 3 महीने में 62 हजार रुपये का बिल नहीं आ सकता है। अगर ऐसा है तो गलत बिल को सही कराया जाएगा। उपभोक्ता से यदि कोई पैसे मांगता है तो वहीं संबंधित अधिशासी अभियंता से शिकायत करे। उपभोक्ता के पास यदि कोई पैसे मांगने को साक्ष्य है तो दिखाए, ताकि आरोपी को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। -अरविंद सिंघल, मुख्य अभियंता

# कोतवाली के पास प्राचीन कूप की खोदाई शुरू, सत्यव्रत पुलिस चौकी के पास चलेगा प्रशासन का बुलडोजर

मुरादाबाद- संभल में मुन्नी माता मंदिर और प्राचीन कूप के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए डीएम और एसपी ने निरीक्षण कर निर्देश दिए। कूप के सौंदर्यीकरण के लिए पालिका की तीन दुकानों समेत एक मस्जिद के पास की दुकान को भी ध्वस्त किया जाएगा। तीर्थ स्थलों और कूपों को संवारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। संभल के तिवारी सराय स्थित मुन्नी माता मंदिर के आसपास अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने निरीक्षण कर निर्देश दिए हैं। डीएम और एसपी ने पापमोचन तीर्थ और गजेंद्र बाबा जी की समाधि का भी निरीक्षण किया।वहीं दूसरी ओर



कोतवाली के नजदीक स्थित प्राचीन कूप की भी खोदाई शुरू कराई है। पालिका की तीन दुकानों को खाली करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कूप के सौंदर्यीकरण के लिए दुकानों को ध्वस्त किया जाएगा। डीएम ने बताया कि संभल में तीर्थ और कूपों को संवारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तिवारी सराय मुन्नी माता मंदिर पर निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण मिला है। एसडीएम और ईओ पालिका को अतिक्रमण हटवाने के लिए निर्देश दिए हैं। इसी तरह बाजार में प्राचीन कूप को पाट दिया गया था। जिसकी खोदाई शुरू कराई है। पालिका की तीन दुकानों को भी खाली कराया जाएगा। इसके बाद इन दुकानों को ध्वस्त कराया जाएगा। जिससे कूप का सौंदर्यीकरण किया जा सके। इसमें एक दुकान नजदीक में स्थित मस्जिद की है। उसको भी ध्वस्त करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कूप को अतिक्रमण मुक्त किया जा सके। सत्यव्रत पुलिस चौकी के नजदीक से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए- जामा मस्जिद के नजदीक बन रही सत्यव्रत पुलिस चौकी का निरीक्षण करने के लिए डीएम और एसपी पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस चौकी के नजदीक खाली पड़ी जमीन पर बाउंड्री बनाने के निर्देश दिए हैं। दूसरे समुदाय के लोगों ने अपने पूजा स्थल होने का भी दावा किया था उनके दस्तावेज देखकर जमीन उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए हैं। साथ ही पुलिस चौकी के नजदीक बंद गली में छज्जों का अतिक्रमण चिह्नित किया गया है। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि मकान स्वामियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए जाएं। यदि लोग नहीं हटाते हैं तो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। तीर्थ व कूप की जानकारी को लगाए जाएंगे नक्शे- डीएम ने बताया कि संभल धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी है। इसमें 68 तीर्थ और 19 कूप के उल्लेख मिलता है। 19 कूप को चिह्नित कर लिया गया है। तीर्थ भी चिह्नित किए जा रहे हैं। जिससे इनको संवारा जा सके। बताया कि पालिका क्षेत्र में जो कूप और तीर्थ हैं उनको अलग-अलग योजनाओं से संवारा जाएगा। जो तीर्थ और कूप ग्रामीण इलाके में आते हैं, उनको ग्राम पंचायत स्तर से संवारने का काम होगा। डीएम ने बताया कि इन सभी तीर्थ और कूपों के नक्शे मुख्य मार्ग पर लगाए जाएंगे। जिससे दर्शन के लिए लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।

# बावड़ी की जद में आया मकान, 24 घंटे का नोटिस.. 60 मिनट बाद ही खाली करवाया, गुहार लगाता रहा परिवार

मुरादाबाद- चंदौसी में बावड़ी की जद में आए मकान को प्रशासन ने 24 घंटे के नोटिस के बाद महज एक घंटे में खाली करा लिया। पीड़ित परिवार ने मुआवजे की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें खाली प्लॉट और पड़ोसियों के घरों में शरण लेनी पड़ी। डीएम ने बताया कि मकान का बैनामा गलत था और परिवार का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में जोड़ा गया है। चंदौसी में बावड़ी के दायरे में आ रहे एक मकान को नगर पालिका परिषद ने खाली कराने के लिए 24 घंटे का नोटिस जारी किया। हालांकि, प्रशासन की सख्ती के चलते एक घंटे के भीतर ही मकान खाली करवा लिया गया। इस दौरान पीड़ित



परिवार मुआवजे की गुहार लगाता रहा, लेकिन दबाव में आकर उन्होंने मकान खाली कर दिया और पास-पड़ोस के खाली प्लॉट और घरों में शरण ली।बताया जा रहा है कि बावड़ी का प्रवेश द्वार मकान के नीचे आ रहा था। इस पर नगर पालिका परिषद ने शुक्रवार शाम पांच बजे मकान स्वामिनी गुलनवाज बी को 24 घंटे में मकान खाली करने का नोटिस चस्पा किया। लेकिन महज एक घंटे बाद एसडीएम निधि पटेल और तहसीलदार धीरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जेसीबी मशीन भी बुलाई गई और मकान खाली करने के लिए सख्त आदेश दिए गए।

# प्रशासन को नहीं मिल रहे संभल दंगे से जुड़े मुकदमों के कागज; पीड़ित और गवाहों की भी हुई मौत; कैसे होगी जांच

मुरादाबाद- 1978 के संभल दंगे में पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक नौ लोगों की हत्या हुई थी। दंगे में 82 आरोपियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए थे। मुरादाबाद न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई हुई थी। 47 साल बाद संभल दंगे की जांच के लिए जानकारी जुटाना प्रशासन के लिए जटिल साबित हो रहा है। प्रशासन को जिला न्यायालय में 1978 के दंगे के मुकदमों से संबंधित दस्तावेज नहीं मिल रहे हैं। हालांकि, यह स्पष्ट है कि कोर्ट ने इन्हें वीड आउट यानी समाप्त नहीं किया है। संभल प्रशासन ने भी गृह विभाग के उपसचिव के पत्र के बाद मुरादाबाद प्रशासन से मदद मांगी है। जिला न्यायालय से सहयोग लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी पिछले कई दिन से मुकदमों के दस्तावेजों की खोजबीन में जुटे हैं। अब तक सफलता नहीं मिल पाई है। वहीं संभल जिला प्रशासन को एक सप्ताह में गृह विभाग को जानकारियों की रिपोर्ट भी देनी है। चर्चा है कि यदि कोर्ट ने मुकदमों के कागज वीड आउट नहीं किए तो दो स्थितियों में ही इन्हें खत्म किया जा सकता है। या तो सरकार की ओर से मुकदमे वापस लिए गए हों या फिर सभी आरोपी, पीड़ित व गवाहों की मौत हो चुकी हो।इन दोनों में से किस कारण को ज्यादा महत्व दिया जाए, इस पर भी प्रशासन असमंजस की स्थिति में है। बिना कागजों के उन लोगों को ढूंढना भी असंभव है जो मुकदमों में गवाह रहे। साथ ही उन अधिकारियों व पुलिसकर्मियों का पता भी नहीं लगाया जा सकता, जिन्होंने मुकदमे दर्ज कराए थे। आरोपियों का पता लगाना भी बेहद मुश्किल है।

प्रशासनिक जानकारों का कहना है कि कहानी कोई नया मोड़ ले सकती है। हालांकि, स्पष्ट रूप से कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। शासन से मांगेंगे सहयोग, जल्द स्पष्ट होगी स्थिति- जिला न्यायालय में दंगे के मुकदमों के कागज न मिलने के बाद अब प्रशासन इस मामले में शासन की मदद लेगा। वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि शासन के रिकॉर्ड में दस्तावेज सुरक्षित होंगे। यदि शासन की ओर से सहायता मिली तो चार से पांच दिन में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

इसके बाद ही संभल प्रशासन गृह विभाग को जवाब भेजने की स्थिति में होगा। प्रशासनिक जानकारों का कहना है कि गृह विभाग ने भले ही 1978 के संभल दंगे की जानकारी अब मांगी हो लेकिन मुरादाबाद प्रशासन नवंबर में संभल की जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद से ही पुराने दंगे की जानकारी जुटाने में जुट गया था। रिकॉर्ड के मुताबिक नौ लोगों की हुई थी हत्या- पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक 1978 के संभल दंगे में नौ लोगों की हत्या हुई थी। दंगे में 82 आरोपियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए थे। मुरादाबाद न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई हुई थी। दावा किया जाता है कि इसमें किसी का दोष सिद्ध नहीं हुआ था। वहीं पीड़ित परिवार दंगे में अपनों को खोने का दर्द आज भी महसूस करते हैं। स्थानीय लोग दंगे में मारे गए लोगों की संख्या पुलिस रिकॉर्ड से कई गुना बताते हैं। दंगे में जान गंवाने वाले बनवारी लाल गोयल के बेटे विनीत कुमार गोयल ने दिसंबर में संभल के डीएम व एसपी से मुलाकात की थी। एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने भी पत्र लिखकर दंगों की फिर से जांच की मांग उठाई थी। -संभल प्रशासन की अपील से पहले ही 1978 के संभल दंगे की जानकारी जुटाई जा रही है। जिला न्यायालय में मुकदमों के कागज नहीं मिल पाए हैं। अब इस मामले में हम शासन से सहयोग की अपील करेंगे। वहां मुकदमों का रिकॉर्ड सुरक्षित हो सकता है।- आन्जनेय कुमार सिंह, कमिश्नर, मुरादाबाद

## संक्षिप्त समाचार

# सुप्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि डॉ. मक्खन मुरादाबादी का निधन, लोगों ने जताया शोक

## कवि, साहित्यकार व अन्य लोगों ने जताया दुख

मुरादाबाद। सुप्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि डॉ. मक्खन मुरादाबादी का निधन होने पर लोगों ने शोक जताया है। वह बीमार चल रहे थे और इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। अपनी रचनाओं और हास्य-व्यंग्य के लिए वह विख्यात थे। मक्खन मुरादाबादी ने साहित्य



जगत में एक अलग पहचान बनाई थी। वह साहित्य के विभिन्न मंचों पर अपनी रचनाओं के माध्यम से हास्य व्यंग्य विधा में कड़वी सच्चाइयों को प्रस्तुत करते थे।उनके निधन पर साहित्य और कला जगत के अलावा अन्य लोग भी शोक जता रहे हैं। कवि व नवगीतकार योगेंद्र वर्मा व्योम ने अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी है।उन्होंने कहा कि सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि डॉ मक्खन मुरादाबादी का आकस्मिक निधन हो गया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह उन्हें अपने चरणों में स्थान दें व उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उन्होंने बताया कि विख्यात हास्य-व्यंग्य कवि अर्जित डॉ. मक्खन मुरादाबादी का शनिवार को दोपहर 1:30 बजे मुरादाबाद स्थित आवास पर ही निधन हो गया, वह लम्बे समय से गंभीर रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। ग्राम-ततारपुर रोड ज़िला-सम्भल में 12 फरवरी 1951 को जन्में मक्खन मुरादाबादी का वास्तविक नाम डॉ. कारेन्द्रदेव त्यागी था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा ग्रामीण अंचल के विद्यालय में ही हुई फिर आप अग्रेतर शिक्षा हेतु मुरादाबाद आ गए। आरएन इंटर कॉलेज से ग्यारहवीं करने के दौरान ही उनके भीतर कविता का अंकुर फूटा। बाद उन्होंने हिन्दी में स्नातकोत्तर तथा प्रोफेसर महेन्द्र प्रताप के मार्गदर्शन में पी.एच.डी. भी की। 1970 से कवि सम्मेलनों के मंचों पर वह कविता पाठ करते आ रहे थे। लगभग 5 दशकीय कविता-यात्रा में प्रचुर सृजन उपरान्त 51 कविताओं का प्रथम संग्रह 'कड़वाहट मीठी सी' के रूप में वर्ष 2019 में प्रकाशित हुआ। फिर वह गीतों की ओर मुड़ गए और उनके गीत-संग्रह के रूप में उनकी दूसरी पुस्तक 'गीतों के भी घर होते हैं' वर्ष 2023 में आई। देशभर की अनेक संस्थाओं से वह सम्मानित भी हुए। वहीं कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता सुधीर पाठक ने अपने शोक संवेदना में कहा कि मक्खन मुरादाबादी का निधन महानगर के हिंदी साहित्य प्रेमियों की व्यक्तिगत क्षति है। महानगर की एक और धरोहर अनंत में विलीन हो गई। उनके निधन पर भावपूर्ण नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं।

# 10 लाख के लिए विवाहिता का उत्पीड़न, ससुर ने बनाई अश्लील वीडियो

## एसएसपी के आदेश पर महिला थाना पुलिस ने पति व ससुर समेत पांच के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र में दहेज में 10 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता का उत्पीड़न करना शुरू किया। इस बीच ससुर ने नहाते समय उसकी अश्लील वीडियो बना ली। विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी के आदेश से महिला थाना पुलिस ने पति, ससुर समेत पांच ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।थाना मझोला क्षेत्र निवासी महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी हरियाणा के गुरुग्राम निवासी युवक से हुई है। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में 10 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता के पिता ने इसकी शिकायत पुलिस से की तो आरोपियों ने उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार ससुर ने एक दिन नहाते और कपड़े बदलते समय उसकी अश्लील वीडियो बना ली। पता चलने पर पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ससुर, पति, सास और ननदों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद से पीड़िता कार्रवाई के लिए पुलिस के यहां चक्कर काटती रही। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने महिला थाना पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर हरियाणा के गुरुग्राम निवासी उसके पति, ससुर, सास और दो ननदों के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# टैक्स मांगने को लेकर टोल प्लाजा पर मारपीट, दबंगों ने बरसाए पर लाठी डंडे, 16 पर एफआईआर

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। टोल प्लाजा पर टोल टैक्स मांगने पर 15-20 लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए टोल बूम तोड़ दिया और स्टाफ को लाठी-डंडों से पीटा। हमले में टोल प्लाजा के केबिन, सीसीटीवी कैमरे और अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। बीती रात करीब 11÷41 बजे, तीन गाड़ियों में सवार होकर 15-20 लोग टोल प्लाजा पहुंचे। जब उनसे टोल टैक्स मांगा गया तो उन्होंने देने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाड़ियों से लाठी-डंडे निकाले और टोल स्टाफ पर हमला कर दिया। हमले में घायल हमले में गार्ड नरेंद्र कुमार, वीरु कुमार, पवन सिकरवार और नरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कुछ अन्य को मामूली चोटें आईं। ड़फोड़ और फरार- आरोपियों ने टोल प्लाजा के केबिन के शीशे और सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। इसके बाद टोल बूम को भी नुकसान पहुंचाया और फरार हो गए। पुलिस की कार्रवाई पुलिस ने घटना के वीडियो और फोटो के आधार पर आरोपियों की पहचान की। मीरगंज क्षेत्र के रंधवा गांव के रहने वाले अमन, आदित्य सारन, सूर्या, विनय, आदर्श समेत 12 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस हमले से टोल प्लाजा के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में दहशत है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# संविदा कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन, डॉ अरुण कुमार बोले- सीएम से करेंगे बात

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। बरेली। पावर कारपोरेशन में संविदा कर्मचारियों की छंटनी के आदेश दिए गए हैं। इसके विरोध में जिले के संविदा कर्मचारी शनिवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के भारत सेवा ट्रस्ट आवास और वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार के कार्यालय पर पहुंचे। कर्मचारियों ने कहा कि वे लंबे समय से काम कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें निकालने की तैयारी की जा रही है। संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को सुनते हुए डॉ. अरुण कुमार ने उन्हें आश्वासन दिया कि किसी की नौकरी नहीं जाएगी। इस मामले में वह पावर कारपोरेशन के अधिकारियों और मुख्यमंत्री से बात करेंगे।




# डीएम और एसएसपी की अध्यक्षता में थाना कैंट में समाधान दिवस का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। शासन के निर्देशो के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने थाना कैंट में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। थाना दिवस के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी समस्याओं, तथा अन्य जनहित की शिकायतें प्राप्त हुईं । जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि थाना क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए सक्रियता से कार्य करें। इस दौरान पर थानाध्यक्ष कैंट राकेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।



# विष्णु इण्टर कॉलेज ने किया पूर्व के छात्रों का भव्य स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।श्री विष्णु इण्टर कॉलेज कामर्स विभाग बैच 1983 - 1984 के पास आउट छात्रों का एक ग्रुप अन्जय कुमार अग्रवाल की अगुवाई में 40 वर्षों के बहुत बड़े अन्तराल के उपरांत मिला। छात्रों के इस प्रकार के ऐतिहासिक ग्रुप का विष्णु इण्टर कॉलेज मैनेजमेंट द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ग्रुप के प्रधान रहे अन्जय अग्रवाल ने बताया कि इस बैच में पढ़ने वाले छात्रों में से कई साथी इंडस्ट्रलिस्ट, कामयाब विजनिसमैन, चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर, इन्जिनियर, ऐडवोकेट, गवर्नमेंट सर्विस मैन बने हैं जोकि इसी विष्णु इण्टर कॉलेज की ही देन हैं। इसी के साथ साथ कई समाज सेवी भी बरेली के विभिन्न समाजों में समाज सेवा के सिर मौर होकर बरेली की धरोहर हैं । श्री विष्णु इण्टर कॉलेज से विद्या संस्कार प्राप्ति उपरांत ही संभव हुआ है। साथ ही अपने अनुभव शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत के आचार्य रहे श्री श्याम सुन्दर झा सर, हिन्दी के अध्यापक रहे ।प्रेम कीर्ति सर इंग्लिश के धूम बहादुर उपाध्याय सर कामर्स के प्रदीप गर्ग , गुरुजनहमारे आदर्श रहे हैं आज हम सभी जो कुछ भी हैं। वह विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान तुल्य एस. पी. गुप्त जी के कढे अनुशासन का ही फल है।छात्रों के ग्रुप ने कक्षा छह के छात्रों को बताया कि अनुशासन का क्या महत्व है। बिना अनुशासन के कोई भी व्यक्ति शीर्ष स्थान प्राप्त कर ही नहीं सकता एवं ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के छात्रों से कहा कि वे अपने लक्ष्य पर केंद्रित हो पूरी तन्मयता व मनोयोग से अध्ययन करने के पश्चात् पूर्ण आत्मविश्वास से परीक्षा दें ।तो वे निश्चित ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे यह परम् सत्य है।छात्रों के इस ग्रुप ने विद्यालय के श्रेष्ठ प्रधानाचार्य शरद कांत प्रबंधक सुधीर अग्रवाल को अंग वस्त्र भेंट किए।ुप में नीरज अग्रवाल, दीपक कोहली, राजीव मिश्रा, सत्यनारायण मिश्रा,, राजीव पाठक, अमित अग्रवाल, सत्येन्द्र अग्रवाल, संजय गोयल, संदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




# खण्डेलवाल कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर अन्तर-महाविद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

रिठौरा।राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर खण्डेलवाल कॉलेज, बरेली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता÷ युवा भविष्य के लिए अवसर या अभिशाप विषय पर अंतर-महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बरेली के लगभग 30 प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें उत्कर्ष कॉलेज, बरेली कॉलेज, चौधरी हरनाम सिंह, गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, राजश्री, इन्वर्टिस , मैस्कॉट, साहू राम स्वरूप, बाबा रामदास, गंगाशील,स्प्रिंग्डेल, सरदार पटेल, निहाल श्याम,रक्षपाल,लोटस,अग्रसेन,डायट,राममूर्ति,ज्योति कॉलेज, पी.जी.आई., और के.सी.एम.टी. प्रमुख रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिभा सागर, महाविद्यालय के चेयरमैन गिरधर गोपाल, प्रबंध निदेशक डॉ. विनय खण्डेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार, और प्राचार्य डॉ.आर.के. सिंह के द्वारा मां सरस्वती की वंदना व पुष्पार्जन से हुआ। महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार ने विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रवक्ताओं का स्वागत किया।कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विषय पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिभा सागर ने अपने उद्बोधन में कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सीमित और विवेकपूर्ण उपयोग इसे अवसर बना सकता है, लेकिन असीमित और अनुचित उपयोग समाज के लिए अभिशाप साबित हो सकता है। निर्णायक मंडल में डॉ0 जया द्विवेदी, सुमित सहाय, सिद्धार्थ, रीमा चावला और डॉ. पंकज यादव शामिल रहे। प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें तर्क, तथ्य, और दृष्टिकोण की अद्भुत प्रस्तुति देखने को मिली। निर्णायक मंडल ने विजेताओं की घोषणा करते हुए पक्ष और विपक्ष में रूहेलखंड विश्वविद्यालय से स्वर्णिमा व के0 सी0 एम0 टी0 से अभय सिंह को प्रथम, राममूर्ति से कुशाग्र व के0 सी0एम0टी0 से शीतल को द्वितीय, लोटस इंस्टीयूट से रिया , राममूर्ति से यश को तृतीय, और सांत्वना पुरस्कार रूहेलखंड विश्वविद्यालय से दीपांशु दीप, के0 सी0एम0टी0 से हिवा, डाइट से अनुराग ,स्प्रिंग्डेल से अनिका सक्सेना, एस0आर0एम0एस0 से राहुल भट्ट, उत्कर्ष कॉलेज से शिवम को प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ0 आर0 के0 सिंह के द्वारा किया गया। कार्यकम का कुशल संचालन डॉ नृपेंद्र प्रताप व डॉ0 सविता सक्सेना ने किया ।इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. शिव स्वरूप शर्मा, डॉ. कल्पना और ले0 रचना का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम ने युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को समझने और अपने विचार व्यक्त करने का एक अद्भुत मंच प्रदान किया। खण्डेलवाल कॉलेज के इस आयोजन ने छात्रों में तर्कशीलता और विचारशीलता को बढ़ावा देते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।




# मां ज्वाला देवी सिद्ध पीठ संकट मोचन हनुमान मंदिर में हुई रामलीला की प्राण-प्रतिष्ठा

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।1 जनवरी से 1 फरवरी तक होने वाले श्री रामचरितमानस के पाठ में मंगलवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई।महोत्सव के मौके पर पूज्य गुरुदेव बालव्यास रोहितानंद जी महाराज ने 1001 दीप प्रज्वलित करके सभी भगवत भक्तों के कल्याण के लिए प्रार्थना की , उन्होंने पूरे क्षेत्र मे प्रत्येक गांव में रामचरितमानस के पाठ की बात कही, पहले प्रत्येक गांव में पाठ करेंगे। इसके बाद प्रत्येक विद्यालय में करेंगे। फिर एक साथ प्रत्येक गांव में श्री रामचरित मानस का पाठ का आयोजन किया जाएगा। पूज्य महाराज श्री ने सभी को समझाते हुए कहा शांति संपत्ति से नहीं अपितु संस्कारों से मिलेगी। आज बच्चों में संस्कारहीनता बढ़ती चली जा रही है ।इसलिए हमने यह कदम उठाया है उन्होंने कहा किसी के माता-पिता यदि अपने घर में मरते हैं ,तो बच्चे अंतिम संस्कार करते हैं ।तो सूतक 13 दिन के बाद समाप्त हो जाता है ।लेकिन जिनके मां-बाप वृद्धा आश्रम में शरीर छोड़ते हैं । उनके यहां कभी सूतक समाप्त नहीं होता। यदि तुम चाहते हो हमारी संतानें और हमारी सेवा करें ।तो पहले आपको अपने माता-पिता की सेवा करके दिखानी पड़ेगी। महाराज जी छोटे-छोटे बच्चों को बेटियों को श्री रामचरितमानस पढ़ना सीखाते हैं। महाराज जी ने कहा अपने बच्चों के संबंध.उसी घर से करिए जहां रामचरितमानस का पाठ होता है। बच्चों के बर्थडे पर सभी सनातनियों को श्री रामचरितमानस का पाठ करवाना चाहिए। ऐसा करने से बच्चा विकास भी करेगा और घर में प्रकाश भी करेगा ।पूज्य महाराज जी ने छोटे-छोटे बच्चों के बहुत ही परमस्नेही यहां तक उनके साथ कहने पर खेलने भी लगते हैं। जहां बच्चों का ताता दिनभर लगा रहता है। यहां तक पूज्य महाराज श्री का यह कार्य विधर्मियों को अच्छा नहीं लग रहा है। तो कई विधर्मियों ने धमकी भी दी मारने की धमकी दी। क्योंकि कई लोगों को महाराज जी ने रामचरितमानस सुनाकर धर्म परिवर्तन से रोक लिया। आश्रम में कई बार बड़ा नुकसान कर हानि पहुंचाई है ।ताकि महाराज जी चले जाएं। लेकिन महाराज जी ने कहा मेरे शरीर में जब तक प्राण हैं ।मैं सनातन के लिए कार्य करता रहूंगा। हिंदुओं को जगाने का मेरा परम कर्तव्य है ।मेरी जिम्मेदारी है। संत और ब्राह्मण का यही कार्य होता है। पूज्य महाराज जी सुबह को प्रतिदिन हनुमंत यज्ञ करते हैं। उनके साथ बहुत से श्रद्धालु भाग लेते हैं। और उनकी मनोकामना भी पूरी होती है ।उनके संकटों का हरण होता है। पूज्य महाराज जी ने सभी क्षेत्रवासियों से होने वाले श्री रामचरितमानस पाठ में सम्मिलित होने की अपील की।

# हजारों की दवाओं का जखीरा बरामद, जांच को भेजी जाएंगी दवाएं

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।?मुखबिर की गोपनीय सूचना के आधार पर जिलाधिकारी के आदेशानुसार सहायक आयुक्त औषधि बरेली मंडल बरेली के निर्देशानुसार मंगलवार को औषधि निरीक्षक अनामिका अंकुर जैन एवं राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से एक अवैध औषधि विक्रय प्रतिष्ठान पर छापामार कार्रवाई की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान औषधि विक्रय प्रतिष्ठान का स्वामी धर्मवीर सिंह मौके पर मिला। धर्मवीर सिंह पुत्र रामेंद्र सिंह निवासी ग्राम- देवरास, तहसील- तिलहर, जिला- शाहजहांपुर द्वारा अवैध मेडिकल स्टोर स्थित- ग्राम व पोस्ट- शाहपुर बनियान थाना फतेहगंज पूर्वी में अवैध रुप से संचालित किया जा रहा था।औषधि निरीक्षक बरेली द्वारा प्रतिष्ठान में भंडारित औषधीय में से संदेह के आधार पर चार संदिग्ध औषधियों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए जिन्हें जांच एवं विश्लेषण के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जाएगा।शेष बची मूल्य लगभग रुश 50,000/ - कीमत की सभी औषधियों को फार्म 16 पर अंकित करते हुए सीज किया गया। नमूनों की जांच रिपोर्ट एवं विवेचना पूर्ण होने के पश्चात धर्मवीर सिंह के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा ।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिर कलम करने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिर कलम करने की धमकी देने वाले मैजान रजा को प्रेमनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसने सोशल मीडिया पर लिखा कि हम चैलेंज करते हैं कि महाकुंभ नहीं होने देंगे। चाहे कितने भी सिर कलम करने पड़ें। एक्स पर मामले की शिकायत के बाद प्रेमनगर थाना पुलिस ने 30 साल के मैजान रजा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने शहर के प्रतिष्ठित स्कूल से पढ़ाई की है। मैजान रजा नाम की आईडी से सनातन धर्म, राम मंदिर, महाकुंभ पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। साथ ही मुख्यमंत्री योगी का सिर कलम करने की धमकी दी गई थी। आरोपी नेराम मंदिर को लेकर लिखा था कि 2025 राम मंदिर का भी आखिरी साल है। हिंदूवादी संगठन के लोगों ने इसे जिहादी मानसिकता बताते हुए एडीजी, आईजी और एसएसपी से शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई थी। पुलिस ने शुक्रवार रात आरोपी मैजान रजा को गिरफ्तार कर लिया।



# पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस दो दिन निरस्त रहेगी तीन ट्रेनों का बदले मार्ग से होगा संचालन

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा


बरेली। मेगा ब्लॉक के दौरान टनकपुर से 20 जनवरी को चलने वाली 12035 टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस और दिल्ली से 21 जनवरी को चलने वाली 12036 दिल्ली-टनकपुर पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस निरस्त रहेंगी। वहीं, लालगढ़ से 20 जनवरी को चलने वाली 15910 अवध-असम एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग शकूर बस्ती, नई दिल्ली, तिलक ब्रिज, साहिबाबाद के रास्ते चलाया जाएगा। कटिहार से 19 जनवरी को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग खुर्जा, मेरठ, सहारनपुर, अंबाला के रास्ते चलाई जाएगी। आजमगढ़ से 20 जनवरी को चलने वाली 12225 आजमगढ़-दिल्ली एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली, दिल्ली के रास्ते चलाया जाएगा।



# विकास कार्यों की रैंकिंग में बरेली का 14वां स्थान

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। जिले में विकास योजनाओं पर काम कराने और तेजी लाने के लिए बरेली की रैंक में सुधार हुआ है। दिसंबर में प्रदेश में 14वीं रैंक आई है। इससे पहले नवंबर में बरेली की रैंकिंग 25 थी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने दिसंबर की रिपोर्ट बीते को जारी की। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि निरंतर गहन समीक्षा और अधिकारियों की मेहनत की वजह से रैंकिंग सुधारने में मदद मिली है। विकास कार्यक्रमों में 20 अंक की बेहतरी हुई है। इसमें रैंक जहां 10 हुई है। वहीं ओवरऑल रैंकिंग में 11 अंक की छलांग लगाते हुए 14वां स्थान मिला है। प्रदेश में विकास कार्यों का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु गठित सीएम-डैशबोर्ड पर सभी विभागों की सेवाओं, योजनाओं, परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के प्रत्येक माह किए गए प्रदर्शन के आधार पर यह रैंकिंग तय होती है।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने की निर्देश दिए

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से थाना कोंच व थाना रेढ़र में आयोजित थाना समाधान दिवस के मौके पर जन शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतो पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश दिए, साथ ही शिकायतो एवं निस्तारण को पंजिकाओं में दर्ज करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में निस्तारित की गई शिकायतो एवं आईजीआरएस पंजिका का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आम जनता को उनके घर के नजदीक ही न्याय मिले और उन्हें बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत होना चाहिए। थाना दिवस का उद्देश्य भी यही है कि जनता और पुलिस के बीच संवाद को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि थाना दिवस में प्राप्त शिकायतो को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए, प्राप्त शिकायतो का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि फरियादियो को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कौंच ज्योति सिंह, माधौगढ़ मनोज कुमार, सीओ कोंच देवेंद्र सिंह, माधौगढ़ राम सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पक्के मकान में घुस गया तेंदुआ, नौ घंटे मशक्कत किया गया ट्रंकुलाइज

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती मल्हीपुर क्षेत्र के नरायन जोत गांव में सुबह तेंदुआ घुस गया। ग्रामीणों के शोर पर तेंदुआ पक्के



मकान के कमरे में छिपकर बैठ गया। तेंदुए की आमद से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। वन व पुलिस टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए नौ घंटे तक जद्दोजहद करती रही। दुधवा नेशनल पार्क लखीमपुर के चिकित्सकों की टीम बुलाई गई। ट्रैंकुलाइजर गन से कमरे में बैठे तेंदुए को बेहोश किया गया। इसके बाद टीम ने उसे पिंजरे में कैद कर लिया। जमुनहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोगिया के नरायन जोत गांव में सुबह लगभग पांच बजे दलवीर शर्मा शौच के लिए घर के पास बने शौचालय में गए। शौचालय के बगल में बैठे तेंदुए को देखकर वह शोर मचाते हुए भाग खड़े हुए। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। इसी बीच तेंदुआ मौका पाकर रामधन यादव के घर में घुसकर कमरे में बैठ गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस व वन विभाग को दी। हरदत्तनगर गिरंट वन क्षेत्र के क्षेत्रीय वनाधिकारी राम मिलन, ककरदरी रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी सुबोध शुक्ल, मल्हीपुर पिंजरे में कैद मल्हीपुर क्षेत्र के नरायन जोत गांव से पकड़ा गया तेंदुआ थाने के प्रभारी निरीक्षक जयहरि मिश्र, हरदत्तनगर गिरंट थाने के प्रभारी शैलकांत उपाध्याय, डिप्टी रेंजर बलराम, वन व पुलिस टीम के साथ पहुंचे। टीम ने तेंदुए को पकड़ने का प्रयास शुरू किया। तेंदुए की तहाड़ सुनकर प्रभारी डीएफओ बी. शिवशंकर ने उसे बेहोश कर पकड़ने का निर्णय लेते हुए उच्चाधिकारियों को सूचना दी। लगभग चार बजे दुधवा नेशनल पार्क लखीमपुर खीरी के चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची। टैंकुलाइजर गन से कमरे में बैठे तेंदुए को बेहोश किया गया। वन टीम ने नरायन जोत गांव में आए तेंदुए को देखने के लिए आसपास गांवों के लोगों की भीड़ पूरे दिन गांव में मौजूद रही। लोग छतों व पेड़ों पर चढ़कर तेंदुए को देखने को बेताब थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस मशक्कत करती रही। तेंदुए को पकड़ कर पिंजरे में कैद कर लिया। इसके बाद तेंदुए को लेकर साथ चली गई। पकड़े गए तेंदूए को बहराइच वन प्रभाग के चकिया रेंज में पास छोड़ा जाएगा।

# 9 फरवरी 2025 को 151 कन्याओं के सामूहिक विभाग का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -धर्मेंद्र चौहान

अलीगढ,के खेर मे दिनांक 9 फरवरी 2025 को 151 कन्याओ के सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है ! जिसमे आप सभी आमंत्रित है,संजय शर्मा जी ने कहा कि मे सभी नगरवासियो को सभी क्षेत्रवासियों को दंडवत करता हूं प्रणाम करता हूं ! ईश्वर से कामना करता हूं कि सभी स्वस्थ रहें, और एक छोटा सा निवेदन करता हूं कि जिस प्रकार 2023 में मेरे पिता तुल्य माता भाई बहनों ने मुझे आशीर्वाद दिया था ! 31 कन्याओ का सामूहिक विवाह किया था ! और 2024 मे 117 कन्याओ का सामूहिक विवाह का आयोजन बड़ी धूमधाम से हुआ था ! उसी प्रकार 9 फरवरी 2025 को 151 कन्याओ का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है ! सभी से मेरा विनम्र निवेदन है सभी नगर वासियों से सभी क्षेत्रवासियों से जो हमारी



खैर विधानसभा के जितने भी गांव हैं, किसी भी मजहम से हो जो जिस के बहिन संपर्क मे आये रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं ! संजय आइस कोल्ड स्टोरेज सोमना रोड खैर पर और मेरा आप सभी से विनम्र निवेदन है कि जो किसी के संपर्क मे मेरी जरुरतमंद बहिन आये तों रजिस्ट्रेशन कराये और 2023,या 2024 मे मेरे से कोई भूल हुई हो तों मुझे क्षमा करना और 9 फरवरी 2025 का सामूहिक विवाह स्थल संजय आइस एन्ड कोल्ड स्टोरेज सोमना रोड खेर अलीगढ

# युवा कल्याण एंव प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में दो दिवसीय खेलकूद का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती/ स्पोर्ट स्टेडियम भिनगा में युवा कल्याण एंव प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में



उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग क्क्स्रु के अंतर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन । 10 व 11 जनवरी 2025को किया जा रहा है , उक्त खेल प्रतियोगिता के मुख्यातिथि विधायक प्रतिनिधि श्रावस्ती द्वारा शुभारंभ किया गया । उक्त खेल प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग दौड़ में बालक एंव बालिका वर्ग की कबड्डी, वालीबॉल, एथलेटिक्स, बैटमिंटन, प्रतियोगिता आयोजित की गई । जूनियर वर्ग की 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखा कर विधायक प्रतिनिधि श्रावस्ती द्वारा खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रीड़ा अधिकारी शिव कुमार यादव जिला वालीबॉल संघ श्रावस्ती के सचिव संजीव कुमार पाठक , व पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा तथा फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे । तथा बिजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी ने पुरुष्कार व प्रमाण पत्र वितरण किया । कार्यक्रम के संयोजक जिला युवा कल्याण एंव प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी रहे । कार्यक्रम 100 मीटर दौड़ जूनियर मयंक कुमार प्रथम , प्रियांशु पाठक द्वितीय, प्रकाश सिंह तृतीय , 800 मीटर दौड़ प्रथम किशुन लाल , द्वितीय बाली कुमार राना, तृतीय अरबिंद , बालिका वर्ग 100 मीटर प्रथम संजना , द्वितीय, आसमीन , तृतीय नेहा, 400 मीटर दौड़ प्रथम रंजीत यादव, द्वितीय प्रवेश कुमार तृतीय मनोज कुमार यादव । वालीबॉल इकौना प्रथम , सिरसिया द्वितीय । जिलाधिकारी श्रावस्ती ने बताया कि खेल से शारीरिक व मानसिक बौधिक विकास होता है । शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है ।

# एसएसबी भिनगा के द्वारा गरीबों और विकलांगों को कंबल, किया वितरित

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती। अमरेन्द्र कुमार वरुण कमांडेंट के नेतृत्व में एवं अजय कुमार द्विवेदी जिलाधिकारी श्रावस्ती व पीयूष जायसवाल उपजिलाधिकारी भिनगा की उपस्थिति में 62वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय भिनगा में जिला प्रशासन श्रावस्ती व रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से एक विशेष सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला प्रशासन श्रावस्ती के सहयोग से 100 गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से 10



विकलांग व्यक्तियों को को मोड़ चेयर प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय कुमार द्विवेदी जिलाधिकारी श्रावस्ती ने किया। इस अवसर पर एसएसबी के अमरेन्द्र कुमार वरुण कमांडेंट और पियूष कुमार उप कमान्डेंट, सोनू कुमार उप कमांडेंट अन्य अधिकारीगण और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। इस मौके पर अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमांडेंट ने कहा, व्हमारे लिए यह सिर्फ एक कंबल और चेयर वितरित करने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्ति हमारी प्रतिबद्धता और सेवा भावना का प्रतीक है। हम हमेशा समाज के हर वर्ग की मदद करने के लिए तत्पर रहते हैं और इस दिशा में हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। मुख्य अतिथि अजय कुमार द्विवेदी ने इस पहल को सराहते हुए कहा, यह कार्यक्रम हमारे समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए एक सराहनीय प्रयास है। एसएसबी भिनगा और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आयोजित यह कार्यक्रम हमें एकजुट होकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है।

आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9077776991

## संक्षिप्त समाचार

# जालौन में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान की शुरुआत

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने %नो हेलमेट नो फ्यूल% अभियान की शुरुआत के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये जाते हैं कि आगामी 07 दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेंगे, कि दिनांक 26 जनवरी, 2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। सभी पेट्रोल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चत करेंगे कि उनके प्रनिष्ठान में सी0सी0टी0बी0 कैमरा सदैव सक्रिय रहेंगे। इस अभियान के तहत अब से दोपहिया वाहन चालक को बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिलाधिकारी ने समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने पंपों पर इस संबंध में स्पष्ट चेतावनी देने वाले होर्डिंग्स लगवाएं और इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उद्देश्य है कि लोग हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। यदि कोई व्यक्ति बिना हेलमेट के पेट्रोल डलवाने पंप पर आता है, तो उसे पेट्रोल नहीं दिया जाएगा और उसे हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सभी पेट्रोल पंपों को नोटिस भेजकर हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया है।

# शासकीय महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान चलाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप द्विवेदी

शासकीय महाविद्यालय पीथमपुर में प्राचार्य डॉ विनोद खत्री के



मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान शुरू किया गया कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीथमपुर में प्राचार्य डॉ विनोद खत्री डॉक्टर, अनीता मालवीय , स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉक्टर जितेंद्र पांडे द्वारा उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेश अनुसार कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया प्राचार्य डॉ विनोद खत्री द्वारा विद्यार्थियों को ह्न्नक्क 2020 एवं श्व- प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर अनीता मालवीय द्वारा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारे में बताया गया स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉक्टर जितेंद्र पांडे द्वारा महाविद्यालय में संचालित खेल गतिविधियों के बारे में बताया गया सभी विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालय पीथमपुर में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया गया

# जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा एक बेशक शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शिमली जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में



जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के सभी कार्यक्रमों/योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सर्वप्रथम परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि हेतु कांधला खंड शिक्षा अधिकारी सविता डबराल से प्रगति की जानकारी ली एवं शिक्षण कार्य में शिथिलता बरतने पर दोषी अध्यापकों को नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान निपुण भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत एकेडमिक टीम के एसआरजी सचिन कुमार से जनपद में निपुणता प्रतिशत के विषय में जाना तथा सपोर्टिव सुपरविजन के दौरान आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान पर सवाल जवाब किया। समीक्षा करते जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अधूरे कार्यों को पूर्ण कराए जाने तथा जिन विद्यालयों से अभी तक हाई एक्सटेंशन लाइन नहीं हटाई गई है उसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को शीघ्र टेंडर किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में डीबीटी अपूर्ण होने पर खंड शिक्षा अधिकारी थानाभवन राहुल धामा को बीआरसी पर खराब मशीनों को शीघ्र दुरुस्त करने एवं आधार कार्ड बनाए जाने के कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को तत्काल डीबीटी संबंधी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को डीबीटी कार्य शत प्रतिशत पूर्ण नही होने के संबंध में सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतू निर्देशित किया। डायट मेंटर्स द्वारा बैठक में प्रतिभाग नही करने के संबंध में डायट प्राचार्य से वार्ता कर कार्यवाही कराने हेतू जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिन-जिन कार्यक्रमों में कमी दिखी उसमें सुधार के निर्देश दिए। बैठक में अन्य विभागों के अधिकारियों सहित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामली लता राठौर,जिला समन्वयक अमित कुमार, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सविता डबराल, सुशील कुमार शर्मा, राहुल धामा, प्रिंसी, एआरपी जय कुमार, इकबाल अहमद, गजानंद, शोभित मलिक, हितेश कुमार, पंकज कुमार,अजय पंवार आदि उपस्थित रहें।

# ग्राम कोल्हुआ में 60 बोरी अवैध धान की कि गई जब्ती

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ग्राम कोल्हुआ तहसील बिहारपुर में मध्य प्रदेश सीमा से नदी के रास्ते 60 बोरी धान का परिवहन करते हुए बिना नंबर के ट्रैक्टर को कोल्हुआ फॉरेस्टर बैरियर के पास पकड़ा गया।



वाहन चालक धर्मसाय निवासी कोल्हुआ द्वारा बताया गया कि उक्त धान नदी पार मध्य प्रदेश से लाया जा रहा है। जिसका संबंध में कोई दस्तावेज उसके पास नहीं था । उक्त धन को ग्राम महुली ले जाया जा रहा था। वाहन चालक द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज उपलब्ध नही कराने पर जब्त धन को निकटतम थाने ला कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है , जिस पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी ।

# बैगलेस डे पर सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सड़क सुरक्षा सप्ताह हर साल 11 से 17 जनवरी के बीच मनाया जाता है।कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के निर्देशन में विकासखण्ड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में आज बैगलेस डे पर सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन




किया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूलों में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी दी और सड़क हादसों से बचने के टिप्स भी दिए। सड़क हादसों से कैसे करे बचाव- विद्यालय के शिक्षक योगेश साहू ने छात्र छात्राओं को बताया कि यातायात के नियमों का पालन, सीट बेल्ट, हेलमेट का उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल की पहचान इत्यादि सावधानी/कार्यों को समझे तो सड़क दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी आएगी। दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। साथ ही यातायात के नियम भी बताए। साथ ही सभी बच्चों से पूछा गया हेलमेट किनके किनके घरों में नहीं है। जिनके घरों में हेलमेट नहीं है और उपयोग नहीं करते है उन बच्चों ने कहा की आज ही अपने पापा को हेलमेट लेने और उसका उपयोग करने कहेंगे ।सुरक्षित होकर घर से निकलें- विद्यार्थियों को बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर देश में सर्वाधिक है। हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, दोपहिया वाहन पर तीन सवारियों को न बिठाएं, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे वाहन नहीं चलाएं। इसी प्रकार चार पहिया वाहन बिना सीट बेल्ट के नहीं चलाना चाहिए। शराब पीकर वाहन न चलायें। रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाएं। सड़क के नियमों का पालन करने से आप स्वयं भी सुरक्षित रहते हैं। अन्य लोग भी सुरक्षित रहते हैं। नंबर प्लेट कलात्मक ढंग से नहीं बल्कि सामान्य ढंग से लिखवाएं। जिससे सभी लोग पढ़ सकें। आयोजन में स्कूल के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्रायें मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में संजना एक्का ने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- डॉ धनंजय पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष ( वनस्पति विज्ञान ), शा. नवीन कन्या महाविद्यालय, सूरजपुर के निर्देशन में बीएससी अन्तिम वर्ष की छात्रा संजना एक्का ने सन्त गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा द्वारा आयोजित और छतीसगढ़ विज्ञान




परिषद रायपुर द्वारा प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी। प्रकाशित सोवेनियर में संजना का आर्टिकल पब्लिस हुआ है और साथ ही पोस्टर एक्सिबिशन के लिए भी सलेक्ट हुई है। संजना एक्का ने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु संजना एक्का को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और नकद राशि से सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में टेक्सास विश्वविद्यालय यू एस ए के वैज्ञानिक कीर्ति बर्धन, अबू धाबी के प्रोफेसर प्रेम सिदार, अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति डी एन वाजपेयी, सन्त गहिरा गुरु विवि के कुलपति डॉ प्रेमप्रकाश सिंह और कुलसचिव डॉ शारदा प्रसाद त्रिपाठी उपस्थित थे। संजना के इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु शा. नवीन कन्या महाविद्यालय, सूरजपुर के प्रचार्य बृजलाल साहू एवं समस्त प्राध्यापक गण ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# चौकी खड़गवां पुलिस ने हत्या के मामले में 23 आरोपियों को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर। दिनांक 10.01.2025 को ग्राम सुन्दरगंज चौकी लटोरी निवासी संजय एक्का ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10.01.2025 को इसका मौसेरा भाई संतोष टोप्पो के कहने पर उनके पट्टे के जमीन को जोताई करने संतोष के पिता माघेराम




टोप्पो, मॉ बसंती टोप्पो, भाई नरेश टोप्पो, सुरेश टोप्पो व मजदूरों के साथ ट्रेक्टर लेकर ग्राम केरता डुबकापारा खेत में जाकर खेत जोताई कर रहे थे, दोपहर 12 बजे गांव के राजकुमार, मंधारी राम, बिहारी, रोवन, बाबुलाल, सियाराम व अन्य लोगों के द्वारा एक राय होकर लाठी, डंडा, टांगी, फावड़ा लेकर खेत में आए तथा हमारे जमीन को क्यों जोताई कर रहे हो कहकर विवाद करते हुए टांगी, फावड़ा, लाठी-डंडा से जानलेवा हमला कर माघेराम, बसंती, नरेश व सुरेश को मारपीट किए। मारपीट में नरेश टोप्पो, बसंती टोप्पो की मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से घायल माघेराम टोप्पो को उपचार हेतु अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सुरेश घायल है जिसका उपचार अम्बिकापुर अस्पताल में चल रहा है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 11/2025 धारा 61( 2 ), 115( 2 ), 190, 191( 3 ), ( 103 ) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले की गंभीरतापूर्वक विवेचना करते हुए आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में चौकी खडगवां व थाना प्रतापपुर की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा दबिश देकर 23 आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त टांगी, फावड़ा, लाठी-डंडा जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है और आगे की विवेचना जारी है। गिरफ्तार आरोपी- 1. राजकुमार पिता स्व. फगना राम उम्र 62 वर्ष 2. मंधारी राम पिता स्व. फगना राम उम्र 60 वर्ष 3. रामधनी पिता नानसाय उम्र 48 वर्ष 4. बिहारी पिता नानसाय उम्र 60 वर्ष 5. रोवन पिता नानसाय उम्र 50 वर्ष 6. सियाराम पिता नानसाय उम्र 58 वर्ष 7. धरमसाय पिता स्व. फगना उम्र 70 वर्ष 8. अनुकलाल पिता चुखूल उम्र 45 वर्ष 9. उजेन्द्र उर्फ उजर पिता राजकुमार उम्र 35 वर्ष 10. बिरेन्द्र टोप्पो पिता धरमसाय उम्र 29 वर्ष 11. प्रदीप टोप्पो पिता सियाराम टोप्पो उम्र 30 वर्ष 12. नरेन्द्र टोप्पो पिता मंधारी उम्र 30 वर्ष 13. सम्मू पिता बाबुलाल उम्र 37 वर्ष 14. महाजन टोप्पो पिता मटुकधारी उम्र 26 वर्ष 15. दिवालसाय टोप्पो पिता रोवन उम्र 26 वर्ष 16. कमलेश टोप्पो पिता सियाराम टोप्पो उम्र 32 वर्ष 17. अमेन्द्र कुमार पिता मंधारी उम्र 46 वर्ष 18. प्रकाश टोप्पो उर्फ डेगु पिता सियाराम उम्र 23 वर्ष 19. गुंजा राम पिता उम्र 32 वर्ष 20. रामप्रसाद टोप्पो पिता बिहारी उम्र 37 वर्ष 21. बाबुलाल पिता पंचन उम्र 60 वर्ष 22. बुच्ची उर्फ बैशाखो पति मंधारी टोप्पो उम्र 52 वर्ष 23 जसिंता टोप्पो पति प्रदीप टोप्पो उम्र 22 वर्ष सभी निवासी ग्राम केरता डुबकापारा, चौकी खड़गवां, थाना प्रतापपुर, जिला सूरजपुर ( छ.ग. ) इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल, एएसआई सुनील भारती, प्रधान आरक्षक विनय किस्पोट्टा, रजनीश त्रिपाठी, विनोद परीड़ा, आरक्षक हरिशंकर सिंह, अशोक कनौजिया, पंकज सिंह, मनोज राय, अनिल एक्का, रामाधार, राकेश सिदार, भगत सिंह नेताम, महिला आरक्षक लता सिंह व अंजना सक्रिय रहे।

# प्रबल दावेदार -हो सकते सकते है पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा के पुत्र लवकेश पैकरा जिला पंचायत सदस्य,प्रत्याशी

क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-प्रतापपुर जिला पंचायत सदस्य पद निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 से योग्य शिक्षित,वाले होंगे प्रबल दावेदार -हो सकते सकते है पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा के पुत्र लवकेश पैकरा जिला पंचायत सदस्य,प्रत्याशी प्रतापपुर /त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को लेकर क्षेत्र में सरगर्मी तेज हो गई है। जिला पंचायत सदस्य पद से लेकर जिलाध्यक्ष पद के दावेदारों का चर्चा बनी हुई है। इसी क्रम में जनपद पंचायत प्रतापपुर के क्षेत्र क्रमांक 10 से जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव के लिए क्षेत्र क्रमांक 10 मे नाम लवकेश पैकरा का नाम सामने आ रहा है। बता दें, लोकेश पैकरा सरपंच से लेकर, राजनीतिक सफर में जिला पंचायत सदस्य के रूप में अपना सेवा दे रहे हैं। अपने केरियर की शुरुआत करने प्रदेश के कद्दबर नेता पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पर के पुत्र राजनीति में सक्रिय है वह लगातार कई पदों पर सेवा दे चुके हैं अभी वर्तमान मे जिला पंचायत सदस्य है। पद पर 5 वर्ष तक अपनी सेवा दे चुके हैं क्षेत्र नगर गांव में साफ छवि एवं लोगों के प्रति मिलनसार के साथ लोगों के हर छोटी-बड़ी समस्याओं पर विचार करना एवं साथ हर संभव समस्या का समाधान करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। विश्वास के कार्यशैली को देखते हुए क्षेत्र क्रमांक 10 के आमजन उनको जिला पंचायत सदस्य क्रमांक 10 से जिला सदस्य पद के लिए प्रबल दावेदार रुप में आम जन उनका नाम ले रहे हैं। वहीं राजनीतिक हलचल में जीत के दावा किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने प्रतापपुर विकासखंड के हर क्षेत्र में लोगों की समस्याओं और उनके त्वरित निदान कर अपने कार्य कुशलता का परिचय दिया है। तथा राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय है दूरस्थ अंचल को नई ऊंचाई तक पहुंचना है लवकेश पैकरा, इस संबंध में चर्चा करने पर कहा कि क्षेत्र के लोगों ने मुझे हमेशा प्यार दिया है मैं क्षेत्र के लोगों के प्रति हमेशा त्रणी रहूंग क्षेत्र अभी भी विकास में पिछड़ा हुआ है इस दूरस्थ अंचल को विकास की नई ऊंचाई तक पहुंचाना मेरे जीवन का लक्ष्य।

## संक्षिप्त समाचार

# ऋण पुस्तिका लेने गए ग्रामीण के साथ शराब के नशे में धुत्त पटवारी ने की धक्का मुक्की ,पीड़ित ने की रेंवटी चौकी में शियकयत

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- रेंवटी - ग्राम गोविंदपुर के पटवारी द्वारा ग्रामीण के साथ शराब के नशे में धक्का मुक्की व अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है, मामले की शिकायत पीड़ित ग्रामीण ने रेंवटी चौकी में की है। ग्राम गोविंदपुर में पदस्थ पटवारी मोगेंद्र सिंह के द्वारा शुक्रवार की शाम पटवारी कार्यालय में



ऋण पुस्तिका लेने गए ग्रामीण रोहित रजक व उनेक साथी के साथ शराब के नशे में धूत पटवारी के द्वारा ऋण पुस्तिका देने के एवज में 20 हजार रुपए की मांग करने लगा जिस पर ग्रामीण द्वारा रुपए नहीं देने पर पटवारी द्वारा कार्यालय से धक्का-मुक्की कर कार्यालय से बाहर निकाल दिया और गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि जब तक पैसा नहीं दोगे तब तक तुम्हारा ऋण पुस्तिका नहीं मिलेगा। इसके बाद पीड़ित के द्वारा पूरे मामले की शिकायत रेंवटी चौकी में की गयी है। पटावरी कर्यालय बना नशा- खोरी व पटवारी के दलालों का अड्डा- गोविंदपुर पटवारी कार्यालय में पटवारी व उनके दलालों के द्वारा आए दिन शाम होते ही नशा-खोरी का कार्यक्रम चालू हो जाता है। वहीं पटवारी अपने साथ हमेशा एक दलाल लेकर चलता है जो क्षेत्र के भोले भाले ग्रामीणों से ऋण पुस्तिका, फौती- नामांतरण, नक्शा दुरुस्त व अन्य कार्यों के एवज में रिश्वत खोरी करने का काम करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना पैसा के पटवारी द्वारा कोई कार्य नहीं किया जाता है, पटवारी के पास कुछ काम लेकर जाने पर पटवारी अपने दलाल से बात करने की बात कहता है।

# अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल का नाम बेस्ट इमर्जिंग स्कूल ऑफ़ द ईयर हेतु चयनित

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- प्रतापपुर नगर में संचालित सीबीएसई अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल को अखिल भारतीय स्तर पर卐बेस्ट इमर्जिंग स्कूल ऑफ़ द ईयर अवार्ड卐 के लिए चयनित किया गया है, यह पुरस्कार पूरे भारत में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शैक्षणिक संस्थाओं को हर क्षेत्र में उनके बेस्ट परफॉर्मेंस को देखते हुए दिया जाता है। अखिल भारतीय स्तर पर अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल को 卐बेस्ट इमर्जिंग स्कूल ऑफ़ द ईयर卐 का सम्मान प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया गया है। यह सम्मान दिनांक 11 जनवरी 2025 को, कोटयार्ड मेरियाट मुंबई के सभाकक्ष में आयोजित विशेष समारोह में मुख्य अतिथि ओलंपियन एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित भारतीय महिला पहलवान गीता फोगाट के हाथों विद्यालय के प्राचार्य अशोक रामनक्षत्र तिवारी को प्राप्त होगा। विद्यालय को अखिल भारतीय स्तर के पुरस्कार हेतु चयनित किए जाने पर विद्यालय परिवार सहित सभी छात्रों में खुशी की लहर है।

# डीएम ने कारागार में वितरित किए कंबल व जैकेट

क्यूँ न लिखूँ सच

आज जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने जिला कारागार एवं बाल शिशु गृह में निरुद्ध महिलाओं को कम्बल, छोटे बच्चों की जरूरत की वस्तुएँ कॉपी किताब एवं स्वेटर के सेट, किशोर बंदियों को गरम जैकेट आदि वितरित किया गया। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी डॉ उर्मिलेश जन चेतना समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने समिति के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा की ये सराहनीय और पुनीत कार्य है इस तरह अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी जनहित में कार्य करने चाहिए। अक्षत अशेष ने बताया कि समिति के सदस्यों द्वारा बच्चों को सभी




बस्तुएँ उपलब्ध कराई गई तथा आगे भी इसी तरह बच्चों को उनकी उपयोगी वस्तुएँ दी जाती रहेंगी। इस अवसर पर कारागार जेल अधीक्षक राजेंद्र कुमार, जेलर रणवीर सिंह, डॉ. अक्षत अशेष, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सी के जैन, व्यापारी रूपेन्दर सिंह लाम्बा, व्यवसायी नितिन गुप्ता, ऋचा अशेष, रीतिका गुप्ता, नरेश चंद्र शंखधार, अमोल शर्मा, विवेक रस्तोगीआदि उपस्थित रहे।

# फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने

क्यूँ न लिखूँ सच


आज जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने थाना बिनावर में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उसके गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर भूमि विवाद व अन्य मामलों की समस्याएं प्राप्त हुई, इसके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने गांव के चौकीदारों को निशुल्क कंबल भी वितरित किए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि व राजस्व विभाग से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर



समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें तथा दोनों पक्षों के समक्ष वाद का निस्तारण किया जाए। निस्तारण के समय की फोटोग्राफी भी अवश्य कराई जाए तथा सहमति पत्र पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर भी कराए जाएं।जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस अधिकारी सीयूजी नंबर को हमेशा ऑन रखें व कॉल प्राप्त होने पर आवश्यक रूप से कॉल को रिसीव करे। उन्होंने कहा कि फरियादी बड़ी आस से आपके पास अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए आता है, इसलिए उसकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि जनता से बेहतर समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी छोटी से छोटी घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को अवश्य दी जाए ताकि बाद में वह कोई विकराल रूप ना ले। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र का भ्रमण भी नियमित रूप से करें। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# Include Ragi in your diet for rapid weight loss, you will get many more health benefits

Have you ever heard of finger millet or mandua? Let us tell you that this is not a foreign grain but our own Indian treasure - Ragi! This grain, which has been a part of our diet for centuries, is in the news again these days (Ragi for Weight Loss) and the reason behind this is some wonderful benefits of including it in the diet, which also includes weight loss. Ragi flour is not only tasty, but is also a treasure trove of nutrients. Including ragi in the diet gives many health benefits. You can prepare many tasty and healthy dishes from it. Ragi is rich in calcium, iron, fiber and vitamin B complex. Let us tell you, all these nutrients are very important to keep our body healthy. You may not know that the amount of calcium in ragi is more than milk, which helps in strengthening bones. Not only this, being rich in fiber, this grain provides many health benefits. In this article, let us tell you about some amazing benefits of including it in the diet (Ragi Health Benefits). Why is Ragi the best option for weight loss? - Treasure of fiber: Ragi is very high in fiber. Fiber makes you feel full for a long time, which prevents you from frequent food cravings i.e. overeating. Apart from this, fiber improves digestion and increases metabolism. Glycemic index: Ragi has a low glycemic index, which means that it increases your blood sugar level slowly. This keeps you energized and controls your appetite. Good source of protein: Ragi also contains adequate amount of protein, which helps in muscle growth and repair. Protein keeps you satisfied for a long time and is helpful in weight loss. Rich in vitamins and minerals: Ragi contains vitamin B complex, iron, calcium and other essential minerals that are necessary to keep your body healthy. How to include ragi in the diet? You can include ragi in your diet in many ways. Let's find out. Ragi roti: Roti made from ragi flour is delicious and nutritious. You can eat it with vegetables and curd. Ragi porridge: Ragi porridge is a delicious and nutritious breakfast option. You can make it even more delicious by adding milk, fruits and nuts to it. Ragi laddu: Ragi laddus are a delicious and nutritious snack. You can make them easily at home. Ragi shake: Ragi shake is also a nutritious drink. You can make it even more delicious by adding milk, fruits and nuts to it. There are many other health benefits - Makes bones strong: Ragi contains high amount of calcium, which helps in strengthening bones. Improves digestion: The fiber present in ragi improves digestion and removes the problem of constipation. Prevention of anemia: Ragi contains high amount of iron, which helps in preventing anemia. Heart will also remain healthy: The antioxidants present in ragi help in keeping the heart healthy.




# It is difficult to avoid HMPV without strong immunity, these 5 foods will take care of health

These days, cases of HMPV are increasing in many parts of the world. Cases of this virus have started coming up in India as well. In such a situation, it is important to strengthen immunity to avoid it. A strong immune system can help fight this virus (HMPV prevention tips). In such a situation, you can boost your immunity by including some foods in the diet. Cases of HMPV have started increasing rapidly in the country. It is important to boost immunity to avoid this virus. In such a situation, you can strengthen the immune system with the help of some foods. Cases of Human-Metapneumovirus (HMPV) are increasing rapidly in India. In such a situation, people are afraid of it. Many people believe that this virus can cause a new epidemic. However, there is nothing to fear about this virus. In this regard, doctors and health experts themselves have already clarified that HMPV is not a new virus and it will not cause any new epidemic. To protect yourself from this, it is important to strengthen your immunity. In such a situation, today in this article we will tell you about some such foods, which will help in strengthening your immune system and will help protect you from this virus. Vitamin C Rich Foods- To strengthen your immunity, you can include vitamin-C rich foods in your diet. Vitamin-C rich foods usually include citrus fruits, such as oranges, grapes and lemons etc. Apart from this, strawberries, kiwi and capsicum are also rich in vitamin-C, which helps the body fight infection. Omega-3 Fatty Acids- Omega-3 fatty acids also help in increasing immunity. Fish like salmon, mackerel, and sardines strengthen the immune system. Also, plant-based sources like flaxseed, chia seeds and walnuts will also prove helpful for you. Green TeaPeople usually prefer to drink green tea for weight loss. However, it also increases immunity along with weight loss. Actually, it contains a compound called catechin, which are strong antioxidants that fight inflammation. Drinking green tea regularly increases immunity and improves lung functioning, which helps prevent respiratory infections. Garlic-Garlic is known for its anti-microbial and anti-inflammation effects. It enhances the taste of food as well as benefits health. It contains allicin, which helps prevent infection and improve the immune system. Eating garlic regularly helps clear the airways, reduces symptoms of respiratory diseases and improves lung health. Turmeric-Turmeric contains curcumin, a compound with powerful anti-inflammatory and antioxidant properties. Curcumin can help reduce inflammation of the airways, which is a common symptom of respiratory infections. In such a situation, including turmeric in the daily diet helps in strengthening the immune system.




# 7 mistakes of parents can make children stubborn, it is important to make changes in time

The stubborn nature of children can be the result of unintentional mistakes of their parents. In which, fulfilling their every demand immediately, ignoring emotions, strict discipline, frequent comparison and ignoring their mistakes can make them stubborn. Therefore, it is important to correct these mistakes on time (Parenting Tips). Let us know about these reasons in detail. The responsibility of raising children lies with the parents. Children can become stubborn due to some mistakes. - Due to stubbornness, children may have to face problems even after growing up. The personality of every child depends to a large extent on their upbringing, because every small behavior of the parents has a deep impact on the nature of children. In which some parenting mistakes made unknowingly can make children stubborn and adamant. This not only hinders their social development, but can also make the family environment stressful. Here are some common mistakes that can be avoided to make children positive and corporate. Let's know about them. Too much pampering- Fulfilling every demand of children immediately can make them selfish and stubborn. When children repeatedly feel that their every demand will be fulfilled, they do not learn to wait for anything or listen to no. So fulfill their demands, but also keep in mind when not to fulfill the demand. Indiscipline- It is the responsibility of parents to teach children the importance of rules and discipline. In such a situation, if no boundaries are set for them, they can become rebellious and stubborn by nature. So teach them which rules can be broken and which cannot. Ignoring the feelings of childrenWhen children try to say their point and they are ignored, they feel insecure. Due to this, they can adopt stubborn behavior to attract attention. Therefore, it is very important to listen and understand the feelings and words of children. Adopting a harsh and angry attitude- Trying to control children with too much strictness and anger can make them rebellious. Instead of strictness, showing them the right path with love and communication can be more effective. Comparing- Constantly comparing children with other children makes them feel inferior. This makes them adopt a stubborn nature to build their identity and self-confidence. Turning a blind eye to every mistake- If children's mistakes are ignored, they may consider it right and stick to their bad habits. It is important to make children realize their mistakes, but with love. Suppressing their freedom- It is important to give children a chance to express their opinion and take decisions. Controlling their decisions in every matter can make them rebellious and stubborn.



# Kamya Punjabi turned out to be a cheater...she wants to see the trophy in the hands of this contestant, not Vivian

Recently, Kamya Punjabi participated in the Weekend Ka War episode of Bigg Boss 18. During this, she scolded the show's beloved Vivian Dsena. After this, she was also criticized a





lot. At the same time, now the actress has also shared the name of the contestant whom she wants to see winning the show. Kamya praised him a lot. Bigg Boss started on 6 October- Bigg Boss finale will be on 19 January- Kamya told who will be the winner? As the date of the finale of Bigg Boss 18 is coming closer, the game is becoming as clear as water. The mask is coming off the face of the contestant who was calling himself a friend at the beginning of the game and at this time everyone's eyes are fixed on the trophy. When is the finale of Bigg Boss?-Bigg Boss 18 is not called a controversial TV show for nothing. The real drama in it has started in the last days only. Everyone is busy confirming their seat. On one hand, Vivian is called the Ladla of Colors. On the other hand, Karanvir Mehra, Rajat Dalal and Digvijay were also seen stealing the limelight in between. For now, who is the real hero of the show will be known only on the day of the finale, January 19. Kamya Punjabi supported Chum- Talking about the other contestants of the show, Chum Darang is considered to be one of the most favorite contestants of Bigg Boss 18. Since his entry in Salman Khan's show, many celebrities have supported him and praised his gameplay. Now the newest person to join this list is Kamya Punjabi. She is playing a very good game - Kamya Recently, former Bigg Boss contestant Kamya Punjabi openly praised Chum Darang. Kamya praised Chum for her calm attitude and said that she has played a clean game without resorting to any dirty tactics. Kamya also praised the way Chum shared her emotions with friends like Shrutika Arjun. She described Chum as calm and true-hearted. She said, "Chum is amazing. I want her to win. She is very calm and kind. The way she does the tasks is very entertaining. She has built strong relationships in the house. Chum is a hero."

# Raha clung to Ranbir Kapoor's neck as soon as she saw the paparazzi, your heart will melt after seeing her innocent act

Any photo or video of Raha Kapoor starts going viral on social media. Fans like her cute videos very much. Recently, Raha was spotted with father Ranbir Kapoor where she was seen hiding her face to avoid the camera flash. Seeing this cute act of Raha, fans are calling her Papa's princess. Raha Kapoor's video is going viral Rah Kapoor is Ranbir-Alia's daughter-





Rah Kapoor turns twoRanbir Kapoor and Alia Bhatt's daughter Raha Kapoor is the cutest child on the internet right now and there is no doubt about it. Fans are desperate to get a glimpse of Raha. As soon as any photo or video of her gets leaked on the internet, it starts going viral. Family returned after vacation- Recently the whole family has returned from Thailand after vacation. Where they were spotted at the airport. Now Ranbir Kapoor had come to Ayan Mukherjee's house with his darling daughter Raha where the paps' camera once again turned towards Raha. These pictures are all over social media. Raha's cute act won hearts In the pictures, Raha is holding Ranbir Kapoor tightly. Cutie pie is clinging tightly to Ranbir with one hand around his neck. Looking at Raha, it can be said that the baby girl is not ready to show her face yet because she has hidden it. At the same time, Ranbir was also seen protecting her from unnecessary flashes and clicks like a doting parent. Raha Kapoor has now turned two years old. Eyes light up on seeing Raha - Riddhima - On the occasion of Christmas, Ranbir and Alia once again came in front of the media with Raha where Raha won everyone's heart with her cute acts. Raha said hi to the media with great love. Everyone lost their hearts on her sweet voice. Talking to a portal about how much Ranbir Kapoor loves Raha, his sister Riddhima Kapoor said many things about the special bonding between the two. Talking to Bombay Times, Riddhima Kapoor Sahni said, 'Ranbir's eyes light up when he sees Raha. He may not be as expressive as my father or me, but when he is in front of the camera and now when he is with Raha, he is the most expressive. Otherwise, he just stays to himself.' Ranbir will be seen in Ramayana - Talking about the work front, Ranbir Kapoor is currently preparing for his next film Ramayana. Sai Pallavi will be seen with him in this film.

# 'I want to get married, I want children...'Ananya Panday told what is her future plan, gave a big statement

Ananya Pandey was in the news recently for dating former model Walker Blanco. Now the actress has talked about her plans for marriage in an interview. The actress told that she wants to get married within five years and wants to see herself settled. Apart from this, Ananya Pandey also told what kind of films she likes. Chunky Pandey's daughter and Bollywood actress Ananya Pandey is in the news more for her personal life than her professional life. Recently, it was reported that after breaking up with Aditya Roy, the actress is dating Walker Blanco. Both were seen together at the wedding of Radhika Merchant and Anant Ambani, after which this rumor gained even more momentum. Instead of hiding their relationship, both were seen dancing a lot at the wedding. Ananya's fans were also very happy with this reaction that the actress has now moved on in her life. Ananya Pandey told what is her plan?- Now in an interview given to Forbes, the actress discussed about her love life and told that she wants to see herself married in 5 years. When the actress was asked about her five-year plan, answering this, Ananya said- 'Personally, I want to see myself married and settled in 5 years. I want a baby. Apart from this, I also like dogs a lot.' I want to do more such films - Ananya Pandey Talking about her work, Ananya said that she wants to reach as many people as possible through her work. CTRL, Call Me Bay and Kho Gaye Hum Kahan have left an impression on the young generation, so I would like to do more such roles. Ananya Pandey will be seen in Chand Mera Dil with Lakshya Lalwani in the coming time. Where did both of them meet - Let us tell you that Ananya's name is being linked with former model Vocal Blanco. It is reported that both are dating each other. At the same time, a W letter pendant has been seen around Ananya's neck many times. Both of them met on a cruise during Anant and Radhika's wedding where the actress introduced Blanco as her partner.

